No. of Printed Pages : 6

**ECO-14**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2014

09580

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*
*Weightage : 70%*

---

***Note :*** *Attempt **any four** questions including question **no. 1** which is **compulsory**.*

---

1. Attempt **any two** of the following questions : 7, 7

   (a) What is meant by Departmental Accounts ? Explain their significance.

   (b) What are the journal entries made for the forfeiture of shares and their re-issue ?

   (c) Give five points of differences between an equity share and a debenture.

   (d) Write short note on 'Profit prior to incorporation' of company with suitable examples.

2. A and B were partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1 with capitals of Rs. 40,000 and Rs. 30,000 respectively. They admitted C with a condition that he would bring Rs. 20,000 as capital and Rs. 6,000 for his share of goodwill for $\frac{1}{4}$th share of profits. Half of the amount of goodwill credited to their accounts was withdrawn by existing partners. The capital of the partners in the new firm is to be arranged in their new profit sharing ratio on the basis of C's capital and excess or deficit capital to be adjusted by payment/ receipt in cash. Show the capital accounts of the partners and the cash account. **12**

3. Harish purchased a tractor from Escorts Ltd. on hire purchase, the cash price of which was Rs. 22,000, Rs. 2,000 were paid immediately and the balance to be paid in 4 annual instalments of Rs. 5,000 each at the end of each year with interest @ 8% per annum. The depreciation is to be charged at 10% per annum on written down value method. Harish paid two instalments and failed to pay the third instalment. Escorts Ltd. took away the tractor by paying him Rs. 9,000 in cash. Prepare necessary accounts in the books of Harish. **12**

4. AB Ltd. invited applications for 1,00,000 equity shares of Rs. 100 each issued at a discount of 10%. The amount was payable as follows : **12**

| | **Rs.** |
|---|---|
| On application | 30 |
| On allotment | 20 |
| On $I^{st}$ and final call | balance |

Applications for 1,50,000 shares were received out of which 30,000 shares application was rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. All calls were made and duly received except the First and Final call on 1,000 shares held by Mr. Ram. His shares were forfeited and out of shares forfeited 700 shares were re-issued at Rs. 120 per share fully paid up pass journal entries in the books of AB Ltd.

5. What is Stock Turnover Ratio ? How it is calculated ? What are the implications of high and low stock turnover ratios ? Explain with examples. **2, 4, 6**

6. Write short notes on the following : **6, 6**
   (a) Goods in Transit
   (b) Branch Adjustment Account

---

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2014

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 50*

*कुल का : 70%*

**नोट :** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7, 7

   (a) विभागीय लेखा से क्या तात्पर्य है? इनके महत्त्व की व्याख्या कीजिए।

   (b) शेयरों की जब्ती तथा जब्त शेयरों के पुनः निर्गमन के लिए की जाने वाली जर्नल प्रविष्टियाँ क्या हैं?

   (c) ईक्विटी शेयर तथा ऋणपत्र में अन्तर संबंधी पाँच बातों का उल्लेख कीजिए।

   (d) एक कंपनी के 'निगमन से पूर्व के लाभ' पर उदाहरण सहित एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

2. A तथा B साझेदार थे जो लाभ-हानि को आपस में 2 : 1 के अनुपात में बाँटते थे तथा उनकी पूँजी क्रमश: 40,000 रु. एवं 30,000 रु. थी। उन्होंने C को इस शर्त पर साझेदारी में प्रवेश दिया कि वह 20,000 रु. पूँजी के रूप में तथा 6,000 रु. ख्याति में अपने हिस्से के लिए लाएगा। उसे लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग दिया गया। पुराने साझेदार उन्हें क्रेडिट की गई ख्याति की राशि का आधा भाग फर्म से निकाल लेते हैं। नयी फर्म में साझेदारों की पूँजी का समायोजन, C की पूँजी के आधार पर उनके नये लाभ-हानि विभाजन अनुपात में किया जाना तय हुआ, तथा उनकी पूँजी के आधिक्य अथवा कमी का समाशोधन नकद राशि के भुगतान/प्राप्ति द्वारा किया जाना है। साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए तथा रोकड़ खाता बनाइए। 12

3. हरीश ने एस्कोर्टज लि. से एक ट्रैक्टर, जिसका नकद मूल्य 22,000 रु. था, अवक्रय पर खरीदा । 2,000 रु. तत्काल नकद भुगतान कर दिए गए और शेष 5,000 रु. की चार वार्षिक किश्तों, जिन का भुगतान 8% वार्षिक ब्याज की राशि मिला कर, प्रत्येक वर्ष के अंत में किया जाना तय हुआ। मूल्य ह्रास 10% प्रति वर्ष की दर से ह्रासित मूल्य पर लगाया जाना है। हरीश ने दो किश्तों का भुगतान कर दिया लेकिन वह तीसरी किश्त का भुगतान नहीं कर पाया। ऐस्कोर्टज लि. ने उसे 9,000 रु. नकद देकर ट्रैक्टर वापस ले लिया। हरीश की पुस्तकों में आवश्यक खाते तैयार कीजिए। 12

4. AB लि. ने 100 के 1,00,000 ईक्विटी शेयर 10% कटौती पर निर्गमित किए। राशि का भुगतान निम्नलिखित रूप में किया जाना था : 12

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | 30 रु. प्रति शेयर |
| आवंटन पर | 20 रु. प्रति शेयर |
| प्रथम व अंतिम माँग | शेष राशि |

1,50,000 शेयरों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 30,000 शेयरों के आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिए गए तथा शेष आवेदकों को यथानुपात आवंटन कर दिया गया। राम को आवंटित 1,000 शेयरों पर प्रथम व अंतिम माँग की राशि को छोड़कर सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं। राम के शेयरों को जब्त कर लिया गया और इन जब्त शेयरों में से 700 शेयरों को 120 रु. प्रति शेयर की दर से पूर्ण प्रदत्त शेयरों के रूप में पुन: निर्गमित कर दिया गया।

AB लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

5. स्टॉक आवर्त अनुपात (Stock Turnover Ratio) क्या है? इसकी गणना कैसे की जाती है? उच्च स्टॉक आवर्त अनुपात तथा निम्न स्टॉक आवर्त अनुपात की विवक्षा (Implications) क्या है? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। **2, 4, 6**

6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **6, 6**

   (a) मार्गस्थ माल (Goods in Transit)

   (b) ब्रांच समायोजन खाता

---